SCERT UK

# राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उत्तराखण्ड

**State Council of Educational Research and Training Uttarakhand,**
Nanoorkhera, Dehradun
Phone: : 0135–2789655, फैक्सः 0135–2789656
e-mail: scertuk@gmail.com, scertuk.te@gmail.com

पत्रांक : SCERT/शि॰शि॰ सेवापूर्व/ 9081-83 /दो–I (92)/2025–26 दिनांक 12 जनवरी, 2026

**द्विवर्षीय डी॰एल॰एड॰ (D.El.Ed.) प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा 2025 हेतु चयनित अभ्यर्थियों (औपबंधिक) की राज्य स्तरीय काउंसलिंग संबंधी सूचना**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (एस॰सी॰ई॰आर॰टी॰) उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा द्विवर्षीय डी॰एड॰एड॰ प्रशिक्षण 2025 प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों (औपबंधिक) की राज्य स्तरीय काउंसलिंग दिनांक 17, 18 एवं 19 जनवरी, 2026 को प्रथम काउंसलिंग सम्पादित की जानी है। उक्त काउंसलिंग में अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है सभी अभ्यर्थी अपनी समस्त शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य समस्त वांछनीय प्रमाणपत्रों (जिनका उल्लेख ऑनलाइन आवेदन पत्र में किया गया है) सहित राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (एस॰सी॰ई॰आर॰टी॰) उत्तराखण्ड, देहरादून के सभागार में दिनांक 17, 18 एवं 19 जनवरी, 2026 को निम्नलिखित विवरणानुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में आपका अभ्यर्थन स्वतः निरस्त समझा जाएगा एवं इस संबंध में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। आयोजित काउंसलिंग में सम्मिलित होने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश विभागीय वेबसाइट– उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् उत्तराखण्ड, रामनगर, नैनीताल की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून की वेबसाइट www.schooleducation.uk.gov.in तथा एस॰सी॰ई॰आर॰टी॰ उत्तराखण्ड, देहरादून की वेबसाइट www.scert.uk.gov.in पर उपलब्ध हैं।

| दिनांक | वर्ग | चयन सूची (औपबंधिक) का क्रमांक | दिनांक | वर्ग | चयन सूची (औपबंधिक) का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 17–01–2026 | विज्ञान | 01 से 100 तक | 17–01–2026 | विज्ञानेत्तर | 01 से 100 तक |
| 18–01–2026 | विज्ञान | 101 से 200 तक | 18–01–2026 | विज्ञानेत्तर | 101 से 200 तक |
| 19–01–2026 | विज्ञान | 201 से 314 तक | 19–01–2026 | विज्ञानेत्तर | 201 से 319 तक |

नोट : उपरोक्त तिथियों में अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 20 जनवरी, 2026 को काउंसलिंग की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

12-1-26
(पदमेन्द्र सकलानी)
अपर निदेशक
एस॰सी॰ई॰आर॰टी॰ उत्तराखण्ड
देहरादून

पृ॰सं॰ : SCERT/शि॰शि॰ सेवापूर्व/ 9081-83 / दो–I (92)/2025–26 दिनांक– उक्तांकित्।

**प्रतिलिपि :** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रधान सम्पादक, अमर उजाला/दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान को इस निर्देश के साथ कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को 12 X 15 सेमी॰ के साइज में अपने लोकप्रिय दैनिक सामाचार पत्र के उस पृष्ठ पर प्रकाशित करेंगे जिसका प्रचार–प्रसार पूरे राज्य में है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के बाद जिला सूचना अधिकारी से राजकीय दरों पर बिल प्रमाणित कर दो प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
2. मुख्य शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद उत्तराखण्ड एवं प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद उत्तराखण्ड को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञप्ति के व्यापक प्रचार–प्रसार के दृष्टिगत अपने जनपद की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

12-1-26
अपर निदेशक
एस॰सी॰ई॰आर॰टी॰ उत्तराखण्ड
देहरादून